# राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति (National Strategy for Volunteering) 2023–2033

# राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के साथ शुरुआत करना

## ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय

हजारों साल पहले से लेकर आज तक, इस देश-भर में लोग दूसरों की मदद करने के लिए अपना समय दे रहे हैं। जब आप अपने बिताए हुए समय के लिए भुगतान प्राप्त किए बिना करीबी परिवार या घर के बाहर के लोगों की मदद करने का चुनाव करते/ती हैं, तो आप किसी ऐसी बात का हिस्सा बन जाते/ती हैं जिसे हम स्वयंसेवा कहते हैं। स्वयंसेवा के कई नाम हो सकते हैं: *मदद करना, रिश्तेदारी, सामुदायिक दान, सेवा*, और कुछ लोगों के पास इसके लिए कोई भी नाम नहीं होता है।

स्वयंसेवा का बेहतर भविष्य बनाने की एक योजना मौजूद है, जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति कहा जाता है – और आप इसका हिस्सा बन सकते/ती हैं। राष्ट्रीय कार्यनीति एक दस साल की योजना है जो 2023-2033 तक चलेगी, ताकि स्वयंसेवा को ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय बनाया जा सके। यह अपनी कहानी साझा करने, अपने समुदाय का निर्माण करने, फंडिंग और अनुदान के लिए आवेदन करने, दूसरों के साथ काम करने, भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करने, और स्वयंसेवकों को शामिल और उनका नेतृत्व करने में आपकी मदद के लिए यहाँ मौजूद है। यह स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है, इसके लिए कोई पंजीकरण आवश्यक नहीं है, और आप चुन सकते/ती हैं कि आप कब, कैसे और कितना शामिल होना चाहते/ती हैं।

### स्वयंसेवा हमारे समुदायों जितनी विविध है

लोग अलग-अलग तरीकों से अपना समय देते हैं। कुछ लोग हर हफ्ते एक ही समय और स्थान पर स्वयंसेवा करते हैं, जबकि अन्य लोग कार्यक्रमों, त्योहारों या धार्मिक उत्सवों के लिए विशिष्ट दिनों पर मदद करने का चुनाव करते हैं। बहुत से लोग बिना किसी कार्यक्रम के स्वयंसेवा करते हैं - वे अपना समय तब देते हैं, जब उन्हें कोई ज़रूरतमंद व्यक्ति दिखाई देता है।

बहुत से लोग किसी ऐसे संगठन के साथ स्वयंसेवा करने के लिए आवेदन करते हैं जिसका वे समर्थन करना चाहते हैं, जैसे कोई धर्मार्थ संस्था या क्लब। स्वयंसेवा संगठनों के बाहर भी होती है। आप अकेले स्वयंसेवा कर सकते/ती हैं, अपने

समुदाय के लोगों के समूह के साथ, इंटरनेट पर, किसी संगठन के साथ, या आप दूसरों की मदद करने के लिए कई तरीकों को मिला सकते/ती हैं।

लोग कई अलग-अलग कारणों से स्वयंसेवा करते हैं: अपनी आस्था के पालन के लिए, मित्रों और पड़ोसियों की मदद के लिए, देश की देखभाल के लिए, किसी ऐसे उद्देश्य के समर्थन के लिए जिसमें वे विश्वास करते हैं, आग या बाढ़ से उबरने के लिए, समुदाय में बुजुर्गों के प्रति सम्मान से, या सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही काम है।

चाहे आपको स्वयंसेवा जो भी दिखे, आप अपने समुदाय में राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का उपयोग करके एक राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बन सकते/ती हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति आपकी मदद के लिए यहाँ मौजूद है

2022 में पूरे देश-भर के लोग ऑस्ट्रेलिया में स्वयंसेवा के भविष्य के लिए एक योजना बनाने के लिए एक-साथ आए थे। इस योजना को राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति कहा जाता है, और इसकी दस-वर्षीय दृष्टि यह है कि **स्वयंसेवा ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय बन जाए।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है और सह-स्वामित्व के तहत है, जिसका अर्थ है कि यह सभी की है। हम सभी के पास राष्ट्रीय कार्यनीति का हिस्सा बनने और ऑस्ट्रेलिया में स्वयंसेवा के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के उद्देश्य से साथ-मिलकर काम करने का अवसर है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का हिस्सा बनने और अपने समुदाय में स्वयंसेवा को मजबूत बनाने के लिए इसका उपयोग करने के कई तरीके हैं। लोगों ने राष्ट्रीय कार्यनीति का उपयोग इसके लिए किया है:

- स्वयंसेवा की कहानी साझा करने और इसके प्रभाव का जश्न मनाने के लिए
- अनुदान और वित्त-पोषण का आवेदन करने में मदद के लिए
- स्वयंसेवकों को शामिल और समर्थित करने के लिए
- अपने समुदाय, संगठन या टीम के भविष्य के लिए योजनाएं बनाने के लिए
- समुदायों में नए नेटवर्क बनाने के लिए
- नए शोध में योगदान देने, या मौजूदा शोध परियोजनाओं से सीखने के लिए
- अपने क्षेत्र में अन्य समूहों के साथ साझेदारियां स्थापित करने के लिए

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति को किसी भी प्रकार की स्वयंसेवा में लचीले ढंग से उपयोग किया जा सकता है, और आपको ऐसा अलग तरह का उपयोग मिल सकता है जो आपको, आपकी टीम को या आपके समुदाय को लाभ पहुंचाता है।

2023 में राष्ट्रीय कार्यनीति के शुभारंभ के बाद से इसमें सरकारें, संगठन, समुदाय और व्यक्ति-विशेष शामिल हुए हैं। कई लोगों ने भविष्य में कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। ये प्रतिबद्धताएं साथ मिलकर एक तीन-वर्षीय कार्य योजना का निर्माण करती हैं, जिसे कार्य योजना 2024–2027 कहा जाता है। आपके पास शामिल होने, अपने लक्ष्य प्राप्त करने में मदद के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का उपयोग करने और **स्वयंसेवा को ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का केंद्र बनाने के अवसर हैं।**

> **राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के माध्यम से हम सभी स्वयंसेवा के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर सकते हैं। volunteeringstrategy.org.au पर जाकर और अधिक जानकारी प्राप्त करें**

## अपने समुदाय में राष्ट्रीय कार्यनीति का उपयोग करना

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का हिस्सा बनने और अपने समुदाय में स्वयंसेवा को मजबूत बनाने के लिए इसका उपयोग करने के कई तरीके हैं। यह मार्गदर्शिका निम्नलिखित तरीकों से आपकी मदद करेगी:

- राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के बारे में और अधिक जानना
- योजनाएं बनाने के लिए कार्यनीतिक उद्देश्यों का उपयोग करना
- कार्य योजना 2024–2027 का हिस्सा बनना
- अपने स्थानीय प्रभाव के बारे में बात करने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का उपयोग करना
- नई साझेदारियाँ बनाना और दूसरों से जुड़ना

# राष्ट्रीय कार्यनीति के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें

राष्ट्रीय कार्यनीति के साथ शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका इसके बारे में थोड़ा और अधिक जानकारी प्राप्त करना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति (2023–2033) ऑस्ट्रेलिया में स्वयंसेवा के पुनर्कल्पित भविष्य के लिए एक दस-वर्षीय खाका है। यह एक दशक में स्वयंसेवा के लिए पहली राष्ट्रीय कार्यनीति है, जो सुरक्षित, समर्थित और टिकाऊ स्वयंसेवा को सक्षम बनाने के लिए एक कार्यनीतिक ढांचा प्रदान करती है।


आपको इस वेबसाइट पर राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का संपूर्ण दस्तावेज़ मिल सकता है: volunteeringstrategy.org.au

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति को सह-डिज़ाइन कही जाने वाली प्रक्रिया के माध्यम से कई अलग-अलग लोगों के इनपुट से बनाया गया था। इससे एक एकीकृत दृष्टिकोण सामने आया:

**स्वयंसेवा ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय है**

इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति में निम्नलिखित शामिल हैं:

- तीन फोकस क्षेत्र, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के उद्देश्य सम्मिलित हैं
- ग्यारह कार्यनीतिक उद्देश्य, जो उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक कार्य-कलापों का विवरण देते हैं
- तीन कार्य योजना चरणों के साथ दस-वर्षीय समयरेखा




स्वयंसेवा हमारे सभी जीवन को प्रभावित करती है और कई अलग-अलग रूप ले सकती है। गतिविधियों की इस विस्तृत श्रृंखला को कवर करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति में तीन फोकस क्षेत्र हैं, जो प्रत्येक स्वयंसेवा के एक अलग पहलू को लक्षित करते हैं।

1. **व्यक्तिगत क्षमता और स्वयंसेवक अनुभव**
   यह फोकस क्षेत्र व्यक्ति-विशेष के बारे में है। क्या उनकी स्वयंसेवा आनंददायक और सार्थक है? क्या वे सुरक्षित रूप से स्वयंसेवा कर रहे हैं? क्या कुछ ऐसा है, जो उनके लिए स्वयंसेवा को कठिन बनाता है?
2. **समुदाय और सामाजिक प्रभाव**
   दूसरा फोकस क्षेत्र समुदायों और उनके अंदर स्वयंसेवा की भूमिका के बारे में है। अलग-अलग लोगों और समुदायों के लिए स्वयंसेवा कैसी दिखती है? क्या हम स्वयंसेवकों के प्रभाव का जश्न मनाते हैं? क्या स्वयंसेवा करने के अन्य तरीके हैं, जिन्हें पर्याप्त रूप से मान्यता नहीं दी गई है? समुदायों को क्या चाहिए?
3. **स्वयंसेवा के फलने-फूलने के लिए परिस्थितियाँ**
   यह फोकस क्षेत्र बड़ी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और समूहों के बारे में बात करता है, जो स्वयंसेवा को प्रभावित करते हैं। इसमें नेतृत्व, वित्त-पोषण और अन्य संसाधन, सरकारी नीतियाँ तथा स्वयंसेवक प्रबंधन शामिल हैं।

ये तीन फोकस क्षेत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति को स्वयंसेवा के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए लक्षित उद्देश्य बनाने और कार्य करने की अनुमति देते हैं। यह स्वयंसेवकों, नेताओं, शोधकर्ताओं और अन्य कार्यनीतियों के साथ काम करने वाले लोगों के लिए भी एक उपयोगी ढांचा है।

## कार्यनीतिक उद्देश्य

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति में ग्यारह कार्यनीतिक उद्देश्य हैं, जो इसके तीन फोकस क्षेत्रों में विभाजित हैं। कार्यनीतिक उद्देश्य भविष्य के लिए लक्षित उद्देश्य हैं, जो हमारी इस साझा दृष्टि को हासिल करने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए हैं कि स्वयंसेवा ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय है।

| फोकस क्षेत्र | कार्यनीतिक उद्देश्य | परिणाम |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत क्षमता और स्वयंसेवक अनुभव | **1.1** स्वयंसेवक अनुभव पर ध्यान केंद्रित करें | स्वयंसेवकों को एक सार्थक और समृद्ध अनुभव मिलता है, वे मूल्यवान महसूस करते हैं, और वे जानते हैं कि उनका योगदान कैसे अंतर लाता है। |
| | **1.2** स्वयंसेवा को समावेशी और सुलभ बनाएं | स्वयंसेवा समावेशी है और सभी के लिए उनकी शर्तों पर सुलभ है। |
| | **1.3** सुनिश्चित करें कि स्वयंसेवा शोषणकारी नहीं है | स्वयंसेवकों को सुरक्षित और नैतिक रूप से समाहित किया जाता है, और उनकी सुरक्षा, हितों और कल्याण की रक्षा के लिए समर्थन मौजूद रहता है। |

| फोकस क्षेत्र | कार्यनीतिक उद्देश्य | परिणाम |
|---|---|---|
| सामुदायिक और सामाजिक प्रभाव | **2.1** स्वयंसेवा की समझ को विविधतापूर्ण बनाएं | विभिन्न सांस्कृतिक व्याख्याओं और अभिव्यक्तियों की विस्तारित समझ के माध्यम से स्वयंसेवा को इसके सभी रूपों में सम्मानित और समर्थित किया जाता है। |
| | **2.2** स्वयंसेवा की जनधारणा को नया रूप दें | स्वयंसेवा की व्यापक समझ ऑस्ट्रेलिया की सार्वजनिक चेतना में अंतर्निहित है। |
| | **2.3** स्वयंसेवा के अंतर्निहित मूल्य को पहचानें | स्वयंसेवा को अंतर्निहित मूल्य वाली गतिविधि के रूप में और व्यक्तिगत व सामुदायिक परिणामों को सुगम बनाने में इसकी भूमिका के लिए मान्यता और समर्थन दिया जाता है। |
| | **2.4** समुदायिक-नेतृत्व के तहत वाले दृष्टिकोण को सक्षम करें | समुदाय इस बात के प्राथमिक चालक हैं कि स्वयंसेवा उनके भविष्य को कैसे प्रभावित करती है। |
| स्वयंसेवा के फलने-फूलने के लिए परिस्थितियां | **3.1** स्वयंसेवा को सरकार में क्रॉस-पोर्टफोलियो मुद्दा बनाएं | सरकारें लगातार रूप से स्वयंसेवकों की ज़रूरतों पर विचार करती हैं और व्यापक नीतिगत परिवेशों व निवेश के माध्यम से स्वयंसेवा को समर्थित करती हैं। |
| | **3.2** मजबूत नेतृत्व और साझा जवाबदेही का निर्माण करें | स्वयंसेवा को एक साझा एजेंडा के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है, जो मजबूत नेतृत्व, साझा जवाबदेही और वास्तविक सहयोग द्वारा समर्थित है। |
| | **3.3** कार्यनीतिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध बनें | स्वयंसेवा को पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में साझा बुनियादी ढांचे और निरंतर कार्यनीतिक निवेश द्वारा समर्थित किया जाता है। |
| | **3.4** स्वयंसेवक प्रबंधन के महत्व को पहचानें | मजबूत स्वयंसेवक संलग्नता-प्रथाओं और स्वयंसेवकों के नेताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है और उचित रूप से समर्थित किया जाता है। |

# योजनाएं बनाने के लिए कार्यनीतिक उद्देश्यों का उपयोग करना

ग्यारह कार्यनीतिक उद्देश्य ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए एक बेहतरीन शुरुआती बिंदु हैं, जो अपनी टीम या समुदाय में राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का उपयोग करना चाहते हैं।

क्या आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि शुरुआत कैसे करें? यहां एक चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका है, जो इन बातों में मदद कर सकती है:

1. कार्यनीतिक उद्देश्यों को ब्राउज़ करना और उनके सारांश पढ़ना।
2. अपनी वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में सोचें। उन कार्यनीतिक उद्देश्यों को नोट करना, जो इन विषयों के बारे में बात करते हैं।
3. यह चयन करना कि आप किन कार्यनीतिक उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते/ती हैं (भले यह केवल एक ही हो!)
4. राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति वेबसाइट पर जाएं और आपके द्वारा चुने गए कार्यनीतिक उद्देश्यों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संपूर्ण दस्तावेज़ डाउनलोड करें।
5. इस बारे में सोचें कि कार्यनीतिक उद्देश्य स्वयंसेवा में आपकी वर्तमान आवश्यकताओं या भविष्य के लक्ष्यों में आपकी कैसे मदद कर सकते हैं।
6. उन कार्यों के लिए संक्षेप में मसौदा योजनाएं लिखें, जो आप करना चाहते/ती हैं, जिस फंडिंग के लिए आप आवेदन करना चाहते/ती हैं, या अन्य टीमों के साथ जिनसे आप जुड़ना चाहते/ती हैं।
7. अपनी टीम या समुदाय के सदस्यों के साथ इन योजनाओं को और भी अधिक विकसित करें।
8. कदम उठाएँ और शामिल हों!

*याद रखें – राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में कई समर्थक हैं। समान अनुभवों या लक्ष्यों वाले लोगों की तलाश करें; आपके समुदाय में किसी परियोजना पर एक-साथ काम करने का अवसर हो सकता है।*

## सुझाव

- और अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के संपूर्ण दस्तावेज़ में से प्रत्येक कार्यनीतिक उद्देश्य के तहत लिंक किए गए शोध को देखें, या कार्य योजना 2024–2027 में उस कार्यनीतिक उद्देश्य के लिए कार्यों को देखें।
- चरण 2 और 3 आपकी टीम या समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ एक कार्यशाला का हिस्सा हो सकते हैं। आप वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में प्रश्न पूछ सकते/ती हैं, जैसेकि:
  - यदि आप हमारी टीम या समुदाय में स्वयंसेवा के बारे में कोई एक बात बदल सकते/ती हैं, तो वह क्या होगी?

- हमारे विचार में हमारी टीम या समुदाय को एक वर्ष, तीन वर्षों और दस वर्षों में और अधिक क्या करना चाहिए हम क्या कम करना चाहते हैं?
- क्या हमारी टीम के अनुभवों या कुशलताओं, या हमारे काम करने के तरीके में कोई कमी है?
- कौन से कार्यनीतिक उद्देश्य हमारी स्वयंसेवा और लक्ष्यों के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं?

## राष्ट्रीय कार्यनीति पर कार्रवाई

यहां एक उदाहरण दिया गया है कि कैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति और इसके कार्यनीतिक उद्देश्य आपके समुदाय को मजबूत करने की योजना बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

फातिमा और केन अपने समुदाय के साप्ताहिक नि:शुल्क भोजन कार्यक्रम में खाना पकाने और परोसने के लिए लोगों की व्यवस्था करने में मदद करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यनीति पढ़ी और तय किया कि वे **कार्यनीतिक उद्देश्य 2.3: स्वयंसेवा के अंतर्निहित मूल्य को मान्यता देना** के हिस्से के रूप में अपने समुदाय द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रभाव का जश्न मनाने के इच्छुक होंगे।

फातिमा और केन अपना अधिकांश समय लोगों से संपर्क करने में बिताते हैं और उनके पास अपने समुदाय की स्वयंसेवा के प्रभाव को ट्रैक करने की कोई प्रक्रिया नहीं है। वे स्थानीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से संपर्क करते हैं, ताकि वे एक छात्र परियोजना पर साथ-मिलकर काम करने के बारे में बात कर सकें। केन, फातिमा और छात्र मिलकर यह पता लगाते हैं कि कितने लोगों को भोजन परोसा जाता है, समुदाय द्वारा दिए गए घंटों की संख्या क्या है और किसी ज़रूरतमंद व्यक्ति को भोजन प्रदान करने का मूल्य क्या है।

केन इस जानकारी को समुदाय के साथ साझा करता है और वे स्वयंसेवा के सकारात्मक प्रभाव का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वह स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ हर महीने अपडेटेड जानकारी साझा करना शुरू करता है, ताकि इस बारे में बेहतर समझ मिल सके कि उनकी स्वयंसेवा लोगों की कैसे मदद करती है। केन ने देखा कि समुदाय के कुछ नए सदस्यों ने अन्य स्वयंसेवकों से भोजन कार्यक्रम के बारे में सुना है और मदद करने के लिए आए हैं।

फातिमा को अपनी स्थानीय स्वयंसेवा शिखर संस्था के माध्यम से समुदायों का समर्थन करने के लिए नई सरकारी फंडिंग के बारे में पता चलता है। वह अपने समुदाय के प्रभाव के बारे में जानकारी को आवेदन करने के लिए इस्तेमाल करती है। यदि फंडिंग का आवेदन सफल हो जाता है, तो फातिमा राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति और ऐसे अन्य कार्यनीतिक उद्देश्यों का उल्लेख भी करती है जिनपर वह काम करना चाहेगी।

राष्ट्रीय कार्यनीति का उपयोग करके, केन और फातिमा ने सफलतापूर्वक **कार्यनीतिक उद्देश्य 2.3: स्वयंसेवा के अंतर्निहित मूल्य को पहचानें** की दिशा में काम किया। इस दौरान, उन्होंने इसमें भी योगदान दिया:

**1.1** स्वयंसेवक अनुभव पर ध्यान केंद्रित करने
**2.1** स्वयंसेवा की समझ में विविधता लाने
**2.4** सामुदायिक-नेतृत्व वाले दृष्टिकोण को सक्षम करने

और, यदि उनका फंडिंग आवेदन सफल हो जाता है, तो फातिमा और केन के पास इन कार्यनीतिक उद्देश्यों की दिशा में काम करने के लिए संसाधन भी हो सकते हैं:

**3.3** कार्यनीतिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध होने
**3.4** स्वयंसेवक प्रबंधन के महत्व को पहचानने में

# कार्य योजना 2024–2027

पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में लोग अपने-अपने समुदायों के अंदर स्वयंसेवा के समर्थन में कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का उपयोग कर रहे हैं। इनमें से कुछ कार्रवाइयां तीन-वर्षीय कार्य योजनाओं का हिस्सा हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति में तीन कार्य योजनाएं होंगी और प्रत्येक को स्वयंसेवा के बेहतर भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्रवाइयों की पहचान करने के लिए सह-डिज़ाइन किया गया है।

पहली कार्य योजना को कार्य योजना 2024–2027 कहा जाता है और इसे 2024 में जारी किया गया था। इसमें निम्नलिखित शामिल है:

- 22 कार्रवाइयाँ, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के दृष्टिकोण और कार्यनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।
- सरकारी विभागों और एजेंसियों, स्वयंसेवा के शिखर निकायों, शोधकर्ताओं और अन्य संगठनों की ओर से प्रतिबद्धताएँ।
- आपके लिए कार्रवाई करने और शामिल होने के अवसर।

कार्य योजनाएँ यह देखने का एक बेहतरीन तरीका हैं कि अन्य लोग क्या कर रहे हैं और इस बात के लिए प्रेरणा प्राप्त करने का एक शानदार अवसर हैं कि आप अपने समुदाय के अंदर स्वयंसेवा को मजबूत करने के लिए क्या कर सकते/ती हैं। 22 कार्रवाइयों में सभी के लिए कुछ न कुछ उपलब्ध है।

कार्य योजना 2024–2027 राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के दस वर्षों में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन यह शामिल होने का एकमात्र तरीका नहीं है। कई समूह कार्य योजनाओं के बाहर कार्रवाई करने का चयन करते हैं, और उन स्वतंत्र परियोजनाओं पर काम करते हैं जो उनकी टीम या समुदाय की ज़रूरतों के अनुरूप होती हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति को केवल पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में कार्रवाई करने वाले लोगों के सामूहिक प्रयास के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है। स्वयंसेवा को मजबूत बनाने के लिए आप जो कुछ भी कर सकते/ती हैं, वह महत्वपूर्ण होता है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, स्थानीय हो या राष्ट्रीय, कार्य योजना का हिस्सा हो या स्वतंत्र रूप से किया गया कुछ हो।

आप कार्य योजना 2024–2027 को volunteeringstrategy.org.au पर डाउनलोड कर सकते/ती हैं।

# कार्य योजना 2024–2027 में शामिल होना

क्या आप इस बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते/ती हैं कि आप स्वयंसेवा के समर्थन के लिए कार्रवाई कैसे कर सकते/ती हैं? कार्य योजना 2024–2027 शुरू करने के लिए एक शानदार जगह है। इसमें 22 कार्रवाइयाँ और स्वयंसेवकों, समूहों और समुदायों के शामिल होने के कई तरीके दिए गए हैं। आप क्या कर सकते/ती हैं, इस बारे में सुझावों के लिए कार्रवाइयों और उनकी संबंधित सहायक कार्रवाइयों की समीक्षा करें।

कार्य योजना का उपयोग करने में आपकी सहायता के लिए यहाँ एक चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका दी गई है:

1. कार्य योजना 2024–2027 की कार्रवाइयों को पढ़ें।
2. अपनी वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में सोचें। उन कार्रवाइयों को नोट करें, जो उनमें आपकी सहायता कर सकती हैं।
3. शुरुआत करने के सुझावित तरीकों के लिए कार्रवाइयों और सहायक कार्रवाई कॉलम को देखें।
4. आप जिन कार्रवाइयों पर ध्यान केंद्रित करना चाहेंगे/गी, उनका चयन करें।
5. किसी शिखर निकाय, सरकारी विभाग या एजेंसी, या किसी अन्य संगठन द्वारा नेतृत्व की जाने वाली कार्रवाइयों के लिए उस समूह की वेबसाइट देखें या अपडेटों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति वेबसाइट देखें।
6. आप जो कार्रवाइयाँ करना चाहते/ती हैं और ये आपके समूह, समुदाय या टीम के लिए कैसी दिख सकती हैं, उनके लिए संक्षेप में मसौदा योजनाएं लिखें।
7. अपनी टीम या समुदाय के सदस्यों के साथ इन योजनाओं को और भी अधिक विकसित करें। आप जो कार्रवाई कर रहे/ही हैं, उसके आधार पर आप प्रमुख हितधारकों से संपर्क करने और मार्गदर्शन लेने के इच्छुक हो सकते/ती हैं।
8. कार्रवाई करें और शामिल हों!

## सुझाव

- प्रत्येक कार्रवाई एक या अधिक कार्यनीतिक उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद करती है। यदि आपने देखा है कि कौन से कार्यनीतिक उद्देश्य आपके लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं, तो इस बात की जांच करें कि किन कार्रवाइयों में ये कार्यनीतिक उद्देश्य सूचीबद्ध हैं और इन्हें शुरुआती बिंदु के रूप में उपयोग करें।
- कार्य योजनाएं तीन वर्षों के लिए चलती हैं और कुछ कार्रवाइयां दूसरों से पहले वितरित की जा सकती हैं। आपको इस बात की जांच करने की आवश्यकता हो सकती है कि आप जिस कार्रवाई का समर्थन करना चाहते/ती हैं, वह आपके शामिल होने के लिए तैयार है या नहीं। यदि आप अनिश्चित हैं, तो वेबसाइट का उपयोग करके राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति टीम से संपर्क करें।
- कार्य योजना 2024–2027 दस्तावेज़ के अंत में, अन्य कार्रवाइयों की एक सूची दी गई है जिन्हें सह-डिज़ाइन प्रक्रिया के दौरान प्रस्तावित किया गया था। ये सभी कार्रवाइयों के लिए विचार हैं, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति को हासिल करने में मदद करेंगे। प्रस्तावित कार्रवाइयों को पढ़ें और किसी भी ऐसी कार्रवाई के उपयोग के लिए स्वतंत्र महसूस करें, जो आपकी आवश्यकताओं के अनुकूल हों!

# प्रभाव के बारे में बात करने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का उपयोग करना

स्वयंसेवा हम सभी को प्रभावित करती है और इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे देश-भर में देखा जा सकता है। आप अपने-अपने समुदायों में स्वयंसेवा के प्रभाव के बारे में बात करने में मदद के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का उपयोग कर सकते/ती हैं। यह निम्नलिखित के लिए बहुत उपयोगी है:

- वर्तमान स्वयंसेवकों को यह बताकर प्रेरित करना कि उन्होंने अन्य लोगों के जीवन में क्या अंतर लाया।
- ऐसे नए लोगों से जुड़ना जो स्वयंसेवा करना चाहते हैं, उन्हें आपके मिशन और प्रभाव के बारे में और अधिक बताना।
- स्वयंसेवा और इसके लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाना।
- इन बातों के उदाहरण देकर निधीकरण और संसाधनों के लिए आवेदन करना कि आप कौन से कार्य करते/ती हैं तथा आप और अधिक कैसे कर सकते/ती हैं।

क्या आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि शुरुआत कैसे करें? यहाँ कुछ कदम दिए गए हैं, जो आप उठा सकते/ती हैं:

1. उस स्वयंसेवा के बारे में सोचें, जो आप या आपकी टीम में अन्य लोग करते हैं और यह लोगों की कैसे मदद करती है। आप इस बारे में अकेले सोचने के इच्छुक हो सकते/ती हैं या लोगों के समूह के साथ इसके बारे में बात कर सकते/ती हैं। इस तरह के प्रश्न पूछना मददगार हो सकता है:
   - क्या स्वयंसेवा लोगों, जानवरों, पर्यावरण, या किसी और चीज़ की मदद करती है?
   - क्या स्वयंसेवा सभी की मदद करती है, या यह किसी विशिष्ट समूह पर केंद्रित है?
   - क्या आप एक वाक्य में समझा सकते/ती हैं कि आपकी स्वयंसेवा क्या हासिल करती है?
   - स्वयंसेवा करते हुए वास्तव में एक अच्छा दिन कैसा दिखता है?
   - क्या कोई ऐसा पल है, जिसपर आपको सबसे अधिक गर्व है?
   - यदि स्वयंसेवा बंद हो जाए, तो क्या हो सकता है?
   - स्वयंसेवा करते समय अपने या अन्य लोगों के लिए एक अच्छा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आप क्या करते/ती हैं?
   - क्या स्वयंसेवा ने आपके जीवन या स्वयंसेवा करने वाले अन्य लोगों के जीवन को बदल दिया है?
2. राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति के ग्यारह कार्यनीतिक उद्देश्यों और उनके परिणामों को देखें।

3. प्रत्येक कार्यनीतिक उद्देश्य के लिए इस बारे में सोचें कि क्या आप या आपके समुदाय में स्वयंसेवक उस कार्यनीतिक उद्देश्य और उसके परिणाम को हासिल करने में मदद करते हैं।
   क्या ऐसी कोई कहानियाँ या आकड़ें हैं, जो इसके बारे में बात करने में आपकी मदद कर सकें?
4. यदि आप निधीकरण या सहायता के लिए आवेदन कर रहे/ही हैं, तो कार्यनीतिक उद्देश्यों पर वापस जाएँ और इस बारे में सोचें कि यदि आपके पास और अधिक संसाधन या एक बड़ी टीम होती, तो आप क्या कर सकते/ती थे/थी।
5. इस सभी जानकारी का उपयोग करते हुए यह लिखें कि आप या आपके समुदाय में अन्य लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति को हासिल करने में कैसे मदद कर रहे हैं।
   आप इसे दो तरीकों से लिखने के इच्छुक हो सकते/ती हैं: नियमित अपडेट या इंटरनेट पर साझा करने के लिए एक संक्षिप्त संस्करण, और रिपोर्ट, औपचारिक पत्र या अनुदान आवेदनों के लिए एक विस्तृत संस्करण।

अब जबकि आपके पास स्वयंसेवा के सकारात्मक प्रभाव को समझाने का एक तरीका है, तो आप इसका उपयोग स्वयंसेवा का जश्न मनाने और इसके मूल्य को पहचानने के लिए कर सकते/ती हैं। आप ऐसा किसी समाचार-पत्र, सोशल मीडिया, आयोजन, पुरस्कार, निधीकरण आवेदन, या राजनेताओं, सरकारों या समुदाय के नेताओं के साथ बैठकों के माध्यम से कर सकते/ती हैं।

## सुझाव

- पूरे वर्ष-भर में स्वयंसेवा का जश्न मनाने के लिए विशेष दिन और कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस बारे में सोचें कि आप शामिल होने के लिए क्या कर सकते/ती हैं! इनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक सप्ताह (मई में), अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस (5 दिसंबर) और अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रबंधक दिवस (5 नवंबर) शामिल हैं। आपके स्थानीय क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं और आपके समुदाय में होने वाली स्वयंसेवा के प्रकार के लिए अन्य महत्वपूर्ण तिथियां नियत हो सकती हैं।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति, स्वयंसेवा, हाल के रुझानों और इसके प्रभाव के बारे में शोध से भरी-पूरी है। इनमें से कुछ आपको स्वयंसेवा के बारे में बात करने में मदद दे सकते/ती हैं।
- यदि आप स्वयंसेवा के प्रभाव के बारे में बात करने के तरीके पर और अधिक जानकारी चाहते/ती हैं, तो आप स्वयंसेवा के शिखर निकायों, शिक्षा समूहों (जैसे कॉलेज, विश्वविद्यालय या TAFE), या किसी ऐसे संगठन से संपर्क करने के इच्छुक हो सकते/ती हैं जिसने कुछ इसी तरह का काम किया हो।
- शिखर निकाय, सरकारी विभाग और राजनेता आपके क्षेत्र में उपलब्ध अनुदानों के बारे में जानने में आपकी मदद कर सकते हैं।

# शामिल होने के अन्य तरीके

राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का हिस्सा बनने के बहुत सारे तरीके हैं – और आपको कुछ नया मिल सकता है, जो पहले नहीं किया गया है!

यहां इस बारे में कुछ और सुझाव दिए गए हैं कि कैसे शामिल हों और स्वयंसेवा को ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय बनाने में मदद कैसे करें:

- राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति का समर्थन करने वाले समूहों का एक राष्ट्रीय नेटवर्क उपलब्ध है, जिसे समर्थन गठबंधन कहा जाता है। शामिल होने और अपना समर्थन देने के लिए, आपका स्वागत है। आप volunteeringstrategy.org.au पर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/ती हैं और पंजीकरण कर सकते/ती हैं।
- इस बात की जांच करें कि आपके क्षेत्र में स्थानीय, राज्य या राज्य-क्षेत्रीय स्वयंसेवा कार्यनीतियाँ हैं या नहीं। यदि कोई है, तो यह संभवतः आपके क्षेत्र की आवश्यकताओं पर केंद्रित होगी।
- आप अपनी स्वयंसेवा शिखर संस्था, स्थानीय स्वयंसेवा सहायता सेवा या स्थानीय सरकार से संपर्क करके स्वयंसेवकों के अन्य नेटवर्कों का पता लगा सकते/ती हैं।
- नए नेटवर्क बनाने और जानकारी साझा करने के लिए अन्य समुदायों से संपर्क करें। उदाहरण के लिए, यदि आप किसी आस्था में विश्वास करते/ती हैं, तो क्या उसी के समान कोई अन्य समूह है जो किसी अलग क्षेत्र में आपकी आस्था को साझा करता है? या कोई ऐसा निकटवर्ती समूह है, जिसका मिशन सुसंगत है और आप उसके साथ नए जुड़ाव बना सकते/ती हैं?
- अपने नेटवर्क के बाहर के लोगों के साथ अपनी संस्कृति और स्वयंसेवा करने के अपने तरीके को साझा करने के लिए महत्वपूर्ण तिथियों और मील के पत्थरों का उपयोग करें। कहानियाँ, कुशलताएँ और अनुभव साझा करने से समुदायों के बीच स्वयंसेवा संबंध मजबूत होते हैं।
- लोगों को अपनी स्वयंसेवा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें, जैसे मित्र, सहकर्मी या परिवार के सदस्य।
- आपके ध्यान में कोई ऐसा संगठन या समुदाय आ सकता है, जो आपके मूल्यों को साझा करता है, अच्छा काम करता है या ऐसे तरीके से स्वयंसेवा करता है जिसे आप सहायक मानते हैं। बातचीत के लिए संपर्क करें और यह देखें कि सीखने या एक-साथ काम करने के कोई अवसर हैं या नहीं।

# स्वयंसेवा के लिए एक बेहतर भविष्य

इस मार्गदर्शिका ने आपको दिखाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति आपकी और आपके समुदाय की मदद कैसे कर सकती है।

चाहे आप दूसरों की मदद के लिए अपना समय कैसे भी दें, या आप इसे जो भी कहना पसंद करें, यह कुछ ऐसा है जो हम सभी के जीवन को छूता है और हमें एक-साथ लाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवा कार्यनीति स्वयंसेवा के एक बेहतर भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है और हम मिलकर काम करके इसे हासिल कर सकते हैं।

एक ऐसा भविष्य, जहां अधिक लोग अधिक बार स्वयंसेवा करें। जहां स्वयंसेवक सम्मानित महसूस करें और इस बात से अवगत रहें कि उनका योगदान फर्क लाता है। जहां स्वयंसेवा को महत्व दिया जाए और नीतिगत परिवेशों, सेवा के डिज़ाइन और कार्यनीतिक निवेश में इसपर उचित रूप से विचार किया जाए। जहां स्वयंसेवा में विविधता को मान्यता दी जाए, इसका जश्न मनाया जाए और इसे समर्थन दिया जाए। जहां लोग व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से समृद्ध समुदायों के निर्माण के लिए अपनी अधिकतम क्षमता  हासिल करें।

जहां **स्वयंसेवा ऑस्ट्रेलियाई समुदायों का हृदय हो।**